**कार्यालय अधिष्ठाता छात्र मामले**
**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय**
**गोरखपुर**

**सूचना**
**कोविड–19 टीका उत्सव (Vaccine Festival) के संदर्भ में।**

माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा दिनांक 09 अप्रैल, 2021 को हुई बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि माननीय प्रधानमन्त्री जी के आह्वाहन पर आगामी 11 अप्रैल से 14 अप्रैल, 2021 के मध्य **टीका उत्सव** (Vaccine Festival) का आयोजन प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कोविड–19 महामारी के बढ़ते प्रसार को रोकना है। इस दौरान 45 वर्ष या इससे अधिक उम्र के सभी पुरूष एवं महिलाओं का टीकाकरण अधिक से अधिक संख्या में कराने हेतु प्रेरित किया जाना है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आप सभी से अपेक्षा है कि आप अपने परिवार, सम्बन्धियों एवं आस–पास के लोगो जिनकी उम्र 45 वर्ष या इससे अधिक है, को अपने स्तर से जागरूक करते हुये निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र/टीका केन्द्र पर कोविड–19 का टीकाकरण अवश्य कराये। साथ ही टीकाकरण से सम्बन्धित विवरण/टीकाकरण सर्टीफिकेट नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से अपलोड करें। अधिकतम टीकाकरण करवाने वाले 10 छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय स्तर से नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति–पत्र दिया जायेगा। पुरस्कृत छात्र/छात्राओं का विवरण फोटोग्राफ सहित विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जायेगा।

**विवरण/टीकाकरण सर्टीफिकेट अपलोड लिंकः–**

https://govexams.com/covid_vaccine/applicationform.aspx

**(प्रो0 राकेश कुमार)**
**अधिष्ठाता, छात्र मामले**

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/अधि0छा0मा0/ /2021 दिनांकः 10 अप्रैल, 2021

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

01. वै0 सहा0 कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
02. कुलसचिव।
03. समस्त अधिष्ठाता/वित्त नियंत्रक।
04. समस्त विभागाध्यक्ष को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को ई–मेल/व्हाट्स–एप ग्रुप के माध्यम से सूचित करने हेतु।
05. समस्त छात्रावास अधीक्षक को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को ई–मेल/व्हाट्स–एप ग्रुप के माध्यम से सूचित करने हेतु।
06. वेब मास्टर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

**(प्रो0 राकेश कुमार)**
**अधिष्ठाता, छात्र मामले**

## **कोविड–19 टीका उत्सव** (Vaccine Festival) **के संदर्भ में।**

माननीय प्रधानमन्त्री जी के द्वारा अपेक्षा के क्रम में आगामी 11 अप्रैल से 14 अप्रैल, 2021 के मध्य **टीका उत्सव** (Vaccine Festival) का आयोजन प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है, इस दौरान 45 वर्ष या इससे अधिक उम्र के सभी पुरूष एवं महिलाओं का टीकाकरण अधिक से अधिक संख्या में कराया जाना है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आप सभी से अपेक्षा है कि आप अपने परिवार, सम्बन्धियों एवं आस–पास के लोगो जिनकी उम्र 45 वर्ष या इससे अधिक है, को अपने स्तर से जागरूक करते हुये निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र/टीका केन्द्र पर कोविड–19 का टीकाकरण अवश्य कराये। साथ ही टीकाकरण से सम्बन्धित विवरण/टीकाकरण सर्टीफिकेट नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से अपलोड करें। अधिकतम टीकाकरण करवाने वाले 10 छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय स्तर से नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति–पत्र दिया जायेगा। पुरस्कृत छात्र/छात्राओं का विवरण फोटोग्राफ सहित विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जायेगा।

**विवरण/टीकाकरण सर्टीफिकेट अपलोड लिंकः–**

**https://govexams.com/covid_vaccine/applicationform.aspx?xz=2020213001**